


# शिवनगर पल्स

## ई -समाचार पत्र

दिसम्बर 2024

प्रकाशन संख्या 05

www.gdcshivnagar.in

# विषय सूची


सड़क सुरक्षा

आपदा प्रबंधन कार्यशाला

विद्यालयों के साथ MOU

मानवाधिकार दिवस

स्वास्थ्य शिविर

नशा जागरूकता एवं
करियर मार्गदर्शन कार्यशाला

सप्त दिवसीय विशेष शिविर

शिविर का समापन समारोह

ओ. एस ए. का गठन

# सडक सुरक्षा

आज दिनांक 02/12/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 'वीमेन रेड्रेसल सेल' और 'रोड सेफ्टी क्लब ' द्वारा महिला और बाल सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में डॉ. नीतिका शर्मा ने मंच संचालित करते हुए मुख्य अथिति और वक्ता डी. एस. पी. श्री अनिल शर्मा, श्री मनमोहन व श्री देशराज का स्वागत किया। श्री अनिल शर्मा ने अपने व्याख्यान में 'कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा' और साइबर सुरक्षा विषय पर सारगर्भित और विस्तृत जानकारी विभिन्न कानून और उदाहरणों के माध्यम से प्रदान की। जिसके बाद श्री मनमोहन ने बाल सुरक्षा और पोस्को कानून के बारे में बताते हुए हेल्पलाइन और सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ की जानकारी भी प्रदान की। अंत में श्री देशराज ने सड़क सुरक्षा विषय पर जानकारी प्रदान कर ट्रैफिक नियमों की जानकारी प्रदान की। जिसके बाद महाविद्यालय के उप-प्राचार्या डॉ शमशेर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए पौधा और स्मृति चिन्ह देकर महाविद्यालय की तरफ से मुख्य अथिति और वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार, डॉ उज्ज्वल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकान्द शर्मा, डॉ. योगेश पाण्डेय, श्री रविन्द्र कुमार, श्री अनीता कुमारी, श्री मनजीत सिंह व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






# आपदा प्रबंधन कार्यशाला

दिनांक 06/12/2024 और 07/12/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में रोवर रेंजर और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पहले दिन नरेंद्र कुमार, अनीता कुमारी तथा कुमारी सीमा ने वीडियो के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को आपदा के अनेक रूपों के बारे में बताते हुए उससे बचने के उपाय बताए तथा खतरों को कम करने के तरीके सुझाए। इसके साथ ही सी. पी. आर देना, सिलेंडर के धमकों को कम करना, आग से बचाव आदि के उपाय करने के तरीके प्रयोग के माध्यम से बताए जिसके साथ उप प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह ने प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया। दूसरे दिन के प्रशिक्षक हरजीत भूल्लर, नीतिका और कुमारी सीमा ने विद्यार्थियों को घायलों की मदद करने के तरीके बताए। घायल को सही से उठाना, सही समय पर उपचार देना, स्ट्रेचर बनाना आदि को प्रयोग के माध्यम से प्रशिक्षित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह ने भी आपदा प्रबंधन को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को उसके लिए पहले से ही तैयार रहने को जरूरी माना। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकों ने भी सहभागिता की।






# विद्यालयों के साथ MOU

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर ने 9 दिसंबर 2024 को कांगड़ा जिले के छह सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। यह पहल उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देश के संदर्भ में की गई है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक प्रणाली को सुदृढ़ करना और इन विद्यालयों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

समझौता ज्ञापन इन संस्थानों के साथ किए गए:

• श्री मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य, जीएसएसएस गंदड़
• श्री सुरजीत कुमार, प्रधानाचार्य, जीएसएसएस लाहट
• श्रीमती अंजू शर्मा, प्रधानाचार्य, जीएसएसएस धाट्टी
• श्री विजय शर्मा, प्रधानाचार्य, जीएसएसएस खैरा
• श्री सुरेंद्र पाल गुलेरिया, प्रधानाचार्य, जीएसएसएस कोटलू
• श्री प्रदीप कुमार, प्रधानाचार्य, जीएसएसएस पपलाह

*सहयोग का उद्देश्य और दायरा:-*

• करियर परामर्श और मार्गदर्शन:
छात्रों को उनके भविष्य को आकार देने, सही निर्णय लेने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायता के लिए करियर परामर्श सत्र आयोजित करेगा, ताकि उनका व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास सुनिश्चित हो सके।

• विद्यालयों के विकास की योजना:
कॉलेज प्रत्येक विद्यालय की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास, छात्र कल्याण, सामुदायिक भागीदारी और स्टाफ विकास के लिए योजनाएं तैयार करने में सहायता करेगा।

• नशीली दवाओं के विरोधी दस्तों और महिला प्रकोष्ठ पर ज्ञान साझा करना:
कॉलेज विद्यालयों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए विरोधी दस्तों की स्थापना और महिला प्रकोष्ठ को मजबूत करने में मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

• अनुशासन और शिष्टाचार को बढ़ावा देना:
छात्रों में अनुशासन और शिष्टाचार विकसित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास किए जाएंगे, जिससे सम्मान और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके।

हस्ताक्षर समारोह राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में आयोजित किया गया, जिसमें भाग लेने वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्य और राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की प्राचार्या व शिक्षकों ने भाग लिया। यह साझेदारी हिमाचल प्रदेश में शैक्षणिक उत्कृष्टता के व्यापक दृष्टिकोण के साथ स्कूल छात्रों को सशक्त बनाने के लिए राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. संगीता सिंह जी ने इस पहल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा "यह सहयोग सामुदायिक सहभागिता और शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र उन्नति करें और अपनी पूरी क्षमता को प्राप्त करें।"

ये समझौता ज्ञापन उच्च शिक्षा संस्थानों और स्कूलों के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और एक परस्पर जुड़े हुए शैक्षणिक तंत्र को बढ़ावा देते हैं।






# मानवाधिकार दिवस

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में आज दिनांक 10/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर संवाद का आयोजन किया गया। 'हमारा अधिकार, हमारा भविष्य, अभी' थीम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया और आज के दिन की ऐतिहासिकता को बताते हुए मनवाधिकारों के प्रति भी सभी को सचेत किया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने अपने प्रश्न रखे जिसका जवाब देते हुए प्राचार्या महोदया ने सार्थक बातचीत की। इस अवसर पर डॉ. शमशेर सिंह, प्रो. राजेश कुमार, रेंजर अधिकारी डॉ. नीतिका शर्मा, रोवर अधिकारी प्रो. विवेकानंद शर्मा, एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।






# स्वास्थ्य शिविर

दिनांक 13 -12 -2024

शिवनगर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर की विस्तृत रिपोर्ट:

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में छात्रों की प्रकृति परीक्षण किया गया। राजीव गांधी गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला के चिकित्सकों ने छात्रों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी।कॉलेज के प्राचार्य ने कहा, "हमारा उद्देश्य छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।"

आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने कहा, "आयुर्वेदिक चिकित्सा प्राकृतिक और सुरक्षित है। हम छात्रों को आयुर्वेदिक चिकित्सा के फायदों के बारे में जागरूक करना चाहते हैं।"

इस आयोजन में कॉलेज के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयुर्वेदिक चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछे।

यह आयोजन छात्रों के लिए फायदेमंद साबित हुआ और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

# नशा जागरूकता एवं करियर मार्गदर्शन कार्यशाला

**लाहट, 17 दिसंबर 2024**: *कक्षा बारहवीं के बाद करियर मार्गदर्शन* और *किशोरों में नशा विरोधी जागरूकता* पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन 17 दिसंबर 2024 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएसएसएस) लाहट में किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय (जीडीसी) शिवनगर और आसपास के विद्यालयों के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की **डॉ. नीतिका शर्मा** और **प्रो. शिखा धरवाल** ने अपने सारगर्भित सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को बारहवीं कक्षा के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में स्पष्टता प्रदान करना और किशोरों में बढ़ते नशा सेवन के खतरे के प्रति जागरूक करना था। *डॉ. नीतिका शर्मा**, वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर, ने छात्रों को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न करियर विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने भविष्य की योजना समझदारी से बनाएं और अपने रुचि व कौशल के अनुरूप करियर का चयन करें। प्रो. शिखा धरवाल**, वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ने नशा सेवन के गंभीर मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया और उन्हें सही निर्णय लेने तथा नकारात्मक प्रभावों से दूर रहने की सलाह दी।






# सप्त दिवसीय विशेष शिविर

आज दिनांक 18/12/ 2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य- महोदया डॉ संगीता सिंह जी की अध्यक्षता में तथा कार्यक्रम डॉ योगेश पाण्डेय जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति व प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ अजायब सिंह बनयाल, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुरेश राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया डॉ संगीता सिंह जी ने इस समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वगत किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे।

इस अवसर पर प्रो राजेश कुमार, डॉ उज्ज्वल सिंह , डॉ नीतिका शर्मा, प्रो विवेकानंद शर्मा एवं अन्य स्टाफ व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।






# शिविर का समापन समारोह

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एन. एस. एस शिविर का समापन*

आज दिनांक 24/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के सातवें दिन 'समापन सत्र' का आरम्भ योग, ध्यान और व्यायाम के साथ किया गया। चाय के बाद सभी टीम ने सभी सामान व काम को समेट कर अंतिम रूप दिया। भोजन के बाद मुख्य अथिति व प्रमुख वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता सिंह का स्वागत सभी स्वयं सेवियों न स्मृति चिन्ह देकर किया। मुख्य वक्ता ने एन. एस एस में सभी स्वयंसेवियों के कार्य की सराहना करते हुए उनसे बातचीत भी की और कुछ प्रमुख सलाह भी दी। इसके साथ ही एन. एस एस द्वारा बनाई गयी वाटिका की विशेष सराहना की। जिसके बाद सातों दिन की रिपोर्ट स्वयंसेवी कृषिका द्वारा प्रस्तुत की गयी और अन्य स्वयं सेवियों ने अपने अपने अनुभव भी साझा किए। अंत में डॉ शमशेर सिंह ने औपचारिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ नीतिका शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय व स्वयंसेवी विशाल, सोनाक्षी, आकर्षित, खुशबू, सुहानी आदि उपस्थित रहे।






# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन (OSA) का गठन

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य-महोदया डॉ. संगीता सिंह की अध्यक्षता में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन (OSA) का गठन किया गया है। यह एसोसिएशन महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक मंच प्रदान करेगी जहां वे अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा कर सकते हैं और महाविद्यालय के विकास में योगदान कर सकते हैं।

OSA के उद्देश्य:

महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक मंच प्रदान करना।
महाविद्यालय के विकास में योगदान करना।
पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाना।
महाविद्यालय के छात्रों को मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करना।

OSA की गतिविधियाँ:

पूर्व छात्रों के लिए सम्मेलन और कार्यशालाएँ आयोजित करना।
महाविद्यालय के विकास के लिए परियोजनाएँ शुरू करना।
पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।
महाविद्यालय के छात्रों को मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करना।

OSA के सदस्य:
अध्यक्ष-रितेश सूद
उपाध्यक्ष - परवीन कुमार
महासचिव - मंजीत सिंह
संयुक्त सचिव - अभिषेक शर्मा
कोषाध्यक्ष - शिखा धरवाल






संपादक
प्रो. विवेकानंद शर्मा
सहायक आचार्य संस्कृत
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर





सह-संपादक
डॉ. योगेश पाण्डेय
सहायक आचार्य हिन्दी
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर